




# टॉवर निर्माण मुआवजा विवाद को लेकर गरमायी सियासत

## किसानों की बिना सहमति एवं शासन की गाइड लाइन के विरुद्ध बिना मुआवजा वितरण किए टॉवर निर्माण को लेकर किसानों के हित में पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से की हस्ताक्षेप की मांग

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। टावर निर्माण मुआवजा विवाद को लेकर सियासत गरमाई हुई है। किसानों की बिना सहमति एवं शासन की गाइड लाइन के विरुद्ध बिना मुआवजा वितरण किये टावर निर्माण को लेकर किसानों के हित में पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री से हस्ताक्षेप की मांग की है।**

गौरतलब है कि अडानी पावर ट्रांसमिशन लाइन महान परियोजना द्वारा रामपुर नैकिन तहसील क्षेत्र के गांवों में विद्युत टावर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। बड़खरा, कुआं एवं भितरी में टावर लगाने का काम करीब 50 फीसदी कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा दबंगई पूर्वक पूरा कर लिया गया था, बाद में किसानों द्वारा शासन के नियमानुसार मुआवजा भुगतान की आवाज को मुखर किया, जिसके बाद कम्पनी के कर्मचारी उनकी कुछ भी बात




सुनने को तैयार नहीं हो रहे थे लिहाजा किसानों का आक्रोश बढ़ गया और उनके द्वारा इसकी लिखित शिकायत तहसीलदार रामपुर नैकिन, थाना रामपुर नैकिन के साथ एसडीएम रामपुर नैकिन/चुरहट से करते हुये तत्काल कार्य बंद कराने की मांग की। प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के पश्चात उनके द्वारा विवाद को खत्म कराने के लिये प्रथम चरण में बैठक का आयोजन ग्राम कुआं में किया गया। इसमें किसान, कलेक्टर प्रतिनिधि तथा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कम्पनी के प्रतिनिधि शासन के नियमानुसार मुआवजा भुगतान करने की बजाय तरह-तरह की बहानेबाजी करते रहे। लिहाजा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित तहसीलदार द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि कम्पनी को शासन की गाइड लाइन के अनुसार काम करना होगा। कम्पनी को किसानों को मुआवजा देना पड़ेगा। जिस पर कोई निर्णय नहीं निकल सका। बाद में कलेक्टर सीधी के निर्णय पर सभी की उम्मीदें टिक गई।

उधर मुआवजा भुगतान में विवाद की स्थिति की जानकारी चुरहट विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष म.प्र. विधानसभा अजय सिंह राहुल के पास पहुंचने पर उनके द्वारा स्पष्ट रूप से मांग की गई कि किसानों की सहमति के बिना खेतों में टावर निर्माण तत्काल रोका जाय। श्री सिंह ने इस मामले में मुख्यमंत्री से त्वरित हस्ताक्षेप की मांग करते हुये किसानों को अडानी कम्पनी द्वारा चार गुना मुआवजा देने की मांग उठाई है।

### जन आंदोलन करने का अल्टीमेटम

पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने साफ तौर पर कहा है कि किसान सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन कर उन्हें वर्तमान बाजार मूल्य से चार गुना ज्यादा मुआवजा मांग रहे हैं, उनकी यह मांग नियमानुसार है। ऐसे में कम्पनी के दबाव में मनमानी और तानाशाही क्यों सामने आ रही है। श्री सिंह ने साफ तौर पर कहा है कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और उनके हितों के लिये आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। अगर किसानों के हक पर डाका डाला गया तो पूरे क्षेत्र में चक्काजाम और जन आंदोलन किया जायेगा।

### किसानों को टॉवर कम्पनी का भरोसा नहीं

रामपुर नैकिन अंचल के जिन क्षेत्रों में कम्पनी द्वारा टावर लगाने का कार्य शुरू किया गया है वहां के किसानों में अब तानाशाही को लेकर काफी असंतोष और आक्रोश की स्थिति निर्मित है। उनका कहना है कि किसानों को टावर कम्पनी पर कोई भरोसा नहीं है। टावर कम्पनी द्वारा प्रारंभिक कार्य के दौरान ही किसानों को समानता के आधार पर शासन की गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा का वितरण करने की जरूरत नहीं समझी गई। कम्पनी की मंशा है कि हर किसान को अपने अनुसार मुआवजा किश्तों में दे।

# वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता भारत सिंह का निधन

## जिले भर में शोक की लहर

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, प्रतिष्ठित व्यापारी एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, भारत होटल के संचालक भारत सिंह का लंबी बीमारी के बाद भोपाल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक, सामाजिक, पत्रकारिता, अधिवक्ता एवं व्यापारिक जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।**



पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल ने शोक संदेश जारी करते हुए कहा कि यह अत्यंत दु:खद है कि भारत सिंह जी अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अंतिम समय तक कांग्रेस पार्टी के प्रति कर्मठता, निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य किया। कई दशकों तक विशेष रूप से चुरहट क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री सिंह ने कहा कि भारत सिंह का स्नेह, समर्पण और कार्यशैली सदैव स्मरणीय रहेगी। उनका निधन न केवल कांग्रेस परिवार बल्कि पूरे सीधी जिले और व्यक्तिगत रूप से उनके लिए भी अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। भारत सिंह अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने समाजसेवा, व्यापार और राजनीति के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल, सीधी विधायक रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, पूर्व सांसद गोविंद मिश्र, पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान, बीजेपी पूर्व अध्यक्ष के.के.तिवारी, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार सहित समाजसेवी उमेश तिवारी, पत्रकार सोमेश्वर सिंह, विजय सिंह, ब्रजेश पाठक, आर.बी.सिंह, नंदलाल सिंह, सचीन्द्र मिश्र, अखिलेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, आदित्य सिंह, नीलाम्बुज पाण्डेय सहित अन्य सीधी वासियों ने अपनी शोक संवेदना में ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करनें तथा परिजनों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति देनें प्रार्थना की है।

### कचरे से पटी नालियां

**सीधी 3 जून।** प्री मानसून के पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा मोहल्लों में अभियान चलाकर नालियों की साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। फिर भी बाजार क्षेत्र एवं उससे लगे मोहल्लों में नालियां पूरी तरह से कचरे से पटी हुई हैं। तत्संबंध में कुछ शहरवासियों ने बताया कि नालियों की सफाई का कार्य सही तरीके से करने की बजाय औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। लिहाजा पूरी नालियां मलबे से पटी हुई हैं और तेज बारिश होने पर उनसे बारिश के पानी की निकासी होने में कई तरह की दिक्कतें सामने आयेंगी। यदि नालियों की सफाई पूरी तरह से कराई जाय तो पानी की निकासी समुचित तरीके से हो सकती है।

# लोक कल्याण मेले में पीएम स्वनिधि हितग्राहियों को वितरित किए गए ऋण

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी प्रिया पाठक के मार्गदर्शन में लोक कल्याण मेले के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सीधी में मंगलवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर क्षेत्र के पथ विक्रेताओं एवं लघु व्यवसायियों को ऋण स्वीकृत कर वितरित किए गए, जिससे उनके स्वरोजगार को नई मजबूती मिली।**




शिविर में प्राप्त ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रावधानोंए डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने तथा समय पर ऋण अदायगी से मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अवध बिहारी चौधरी एवं एसबीआई के मुख्य प्रबंधक शैलेन्द्र राय ने हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें बैंकिंग सेवाओं एवं स्वरोजगार संवर्धन के लिए उपलब्ध वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। कार्यक्रम में सिटी मिशन मैनेजर संदीप मिश्रा, मनोज चौबे तथा सामुदायिक संगठक दिलीप विश्वकर्मा सहित नगर पालिका एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने सहभागिता करते हुए योजना का लाभ प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे वे अपने व्यवसाय को सुदृढ़ कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। लोक कल्याण मेले के अंतर्गत आयोजित यह शिविर हितग्राहियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुआ।

# मुख्य सचिव ने की पौधरोपण, जल संरक्षण और योग दिवस गतिविधियों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेशभर में 5 से 21 जून तक विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे। सभी विभाग निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार अभियान चलाकर जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 12 से 18 जून तक आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित किया जाए।**



मुख्य सचिव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से इन अभियानों की शुरुआत होगी, जिसका समापन 21 जून को विश्व योग दिवस पर किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पौधारोपण किया जाए तथा प्रत्येक नगरीय निकाय में कम से कम 500 पौधे लगाए जाएं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में भी पौधारोपण कराया जाए। साथ ही शासकीय भवनों, विद्यालयों, छात्रावासों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि 12 से 18 जून तक सभी विकासखंड मुख्यालयों एवं नगरीय निकायों में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। साथ ही आमजन से प्राप्त आवेदनों, सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविरों के साथ विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 19 एवं 20 जून को प्रत्येक जिले में कम से कम दो कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। इनमें कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, रिचार्ज पिट निर्माण तथा रूफ्टॉप वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों में तेजी लाई जाए। जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर विकास मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री प्रिया पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# जनसुनवाई पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का एक प्रभावी मंच : संतोष

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में मंगलवार 2 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे सुनकर उनका समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना रहा।**

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी एवं एएसपी अरविंद श्रीवास्तव ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कई मामलों में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में भूमि एवं संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला संबंधी शिकायतें, साइबर अपराधए मारपीट तथा अन्य कानून-व्यवस्था से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित थाना प्रभारियों एवं विवेचना अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर एएसपी अरविंद श्रीवास्तव, डीएसपी अजाक सुजीत कड़वे, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक रामलोटन साकेत, थाना प्रभारी जमोड़ी उनि. दिव्य प्रकाश त्रिपाठी तथा महिला थाना से उनि.राजमणि वर्मा उपस्थित रहे। जिले के अन्य पुलिस अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा कि साप्ताहिक जनसुनवाई पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का एक प्रभावी मंच है। सीधी पुलिस नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान, पारदर्शी कार्यप्रणाली तथा जन-केन्द्रित पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# वरिष्ठ संयुक्त संचालक ने किया दो दिवसीय दौरा

## गहन समीक्षा कर दिए सुधार के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ.प्रभाकर तिवारी द्वारा 2 एवं 3 जून को सीधी जिले का दो दिवसीय भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य संस्थाओं का सघन निरीक्षण कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की तथा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।**

भ्रमण के प्रथम दिन 2 जून को डॉ.तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया एवं रामपुर नैकिन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण, साफ-सफाई एवं मरीज सुविधाओं का जायजा लिया। पाई गई कमियों को रेखांकित करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी दिन कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डॉ.तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। 3 जून बुधवार को जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में परख चेकलिस्ट के अनुसार कार्यों की प्रगति का आंकलन, जिले के दो जिला स्तरीय एवं 5 ब्लॉक स्तरीय स्टोर के निरीक्षण के लिए कहा गया तथा मार्च माह में क्रय की गई सामग्री की प्राप्ति एवं वितरण, सामग्री की इंडेंटिंग प्रक्रिया तथा औषधि उपलब्धता की समीक्षा के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने डीपीएम एवं बीपीएम को औषधियों व उपकरणों की उपलब्धता का नियमित मूल्यांकन करने तथा क्वालिटी रिकॉर्ड समय पर अद्यतन रखने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु से पूर्व सभी स्वास्थ्य संस्थानों की छत की सफाई, विद्युत मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। तत्पश्चात डॉ.तिवारी ने जिला चिकित्सालय सीधी के समस्त वार्डों, स्वच्छता व्यवस्था, मुख्य भंडार गृह एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने रक्तदान को प्रोत्साहित करने हेतु एक नवीन पहल का सुझाव दिया। भ्रमण के अंतिम चरण में उप स्वास्थ्य केन्द्र जमोड़ी एवं बढ़ौरा का निरीक्षण किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र जमोड़ी में उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से एएनसी जांच की स्थिति पर चर्चा की तथा आवश्यक मार्गदर्शन दिया। भंडार कक्ष में अनावश्यक एवं अनुपयोगी सामग्री को हटाकर स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। डॉ.तिवारी ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं जनोन्मुखी बनाना प्राथमिकता है ताकि प्रत्येक नागरिक को बेहतर चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सके।




# चरमराई विद्युत व्यवस्था के खिलाफ चिमनी यात्रा निकाल युवा कांग्रेस ने भरी हुंकार

## गांधी चौराहा से शुरू की गई चिमनी यात्रा, अधीक्षण यंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू के नेतृत्व में 2 जून को चिमनी यात्रा निकालकर सीधी जिले में काफी समय से विद्युत समस्याएं झेल रही जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर युवा कांग्रेस खड़ी हुई नजर आई। उक्त यात्रा का प्रारंभ जिले के केन्द्र बिन्दु गांधी चौराहा से शाम 6 बजे शुरू की गई, जिसका समापन जिला विद्युत कार्यालय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पहुंचकर अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंप कर किया गया।**



उक्त यात्रा का उद्देश्य जिले में लंबे समय से चली आ रही विद्युत की समस्या जिसमें मुख्य रूप से अघोषित बिजली कटौती, मनमानी बिजली के बिल, पुरानी हो चुकी केबिल को ना बदला जाना, जिले से सटे हुए गांव का अभी तक विद्युतीकरण से अछूता रह जाना जैसी समस्या के प्रति गहरी नींद में सो रहे प्रशासन को जागना था। उक्त कार्यक्रम में युवा कांग्रेस द्वारा विशाल जन आंदोलन करके यह मांग रखी गई कि सीधी विंध्य का एक प्रमुख जिला है ना की कोई गांव या कस्बा जहां मनमानी ढंग से अनिश्चितकालीन विद्युत कटौती की जाए साथ ही युवा कांग्रेस ने मांग उठाई की गरीब, मजदूर, किसान के ऊपर थोपे गए बिजली के बिलों की जांच कराकर तत्काल उनकी समस्या का निवारण किया जाए। उक्त कार्यक्रम के उपरांत युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू ने मीडिया कर्मी से रूबरू हो होते हुए कहा के जिले की प्रशासन व्यवस्था राजनीतिक माफियाओं के वसूली का अड्डा मात्रा बन गया है जहां प्रशासनिक अधिकारी को जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं, उनका उद्देश्य केवल नेताओं की चाटुकारिता रह गया है और यदि अभी भी गहरी नींद में सो रहे प्रशासन की नींद नहीं खुली तो और विशाल जन आंदोलन के माध्यम से उसे जगाया जाएगा।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से कुमुदिनी सिंह चौहान, पुष्पा सिंह, तारा सिंह, शीला साकेत, पुष्पा चंदेल, रेखा सिंह, राजकुमार सिंह चौहान, आकाश चौहान रिंकू, विक्रम सिंह चौहान, पंकज चौहान, अश्विनी परिहार, प्रदीप सिंह दीपू, अंशुमान सिंह, जीत सिंह, केडी साकेत, यज्ञ राज साहू, भूपेन्द्र चौहान रहीश, विकास परिहार, सूर्या साहू, भूपेंद्र बघेल, मनोज चौहान, अंकित चौहान, नीलेश पाण्डेय, शरदेन्दु तिवारी, विक्रमादित्य बघेल, डब्लू सिंह, रवि बघेल, प्रदीप अग्रहरि, अभिषेक बघेल, राज बहादुर विश्वकर्मा, प्रकाश चौहान, अमित सेंगर, जतिन चौहान, सोनू सिंह चौहान, दीपक त्रिपाठी, महेश सिंह, शिवेंद्र सिंह, ध्रुव सिंह, संदीप साहू, रुद्र सिंह, वीरन सिंह और अन्य सैकड़ो युवा साथी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

CMYK